

# टीम इंडिया को मिली 338 रन की चुनौती





होलकर स्टेडियम के बाहर जनसैलाब







नव भारत न्यूज

**इंदौर, 18 जनवरी. इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के तीसरे और निर्णायक मुकाबले को लेकर इंदौर में जबरदस्त क्रिकेट उत्साह देखने को मिल रहा है. होलकर स्टेडियम के बाहर सुबह से ही दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी.**

टीम इंडिया के समर्थन में पहुंचे फैंस ने माहौल को पूरी तरह क्रिकेटमय बना दिया. इसी दौरान एक दर्शक केशव विराट कोहली और अनुष्का शर्मा का पोर्ट्रेट लेकर स्टेडियम पहुंचे, जो आकर्षण का केंद्र रहा. मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 337 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. न्यूजीलैंड की पारी में डेरिल मिचेल ने शानदार 137 रन बनाए, जबकि ग्लेन फिलिप्स ने 106 रन की विस्फोटक पारी खेली.

दोनों बल्लेबाजों के बीच 219 रन की बड़ी साझेदारी हुई, जिसने भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बना दिया. भारतीय गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में वापसी की कोशिश की. अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने 3-3 विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को एक-एक सफलता मिली. 338 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने सधी शुरुआत की, लेकिन शुरुआती झटके भी लगे. कप्तान शुभमन गिल 23 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रोहित शर्मा 11 रन बनाकर पवेलियन लौटे. इसके बाद विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला.

ताजा स्थिति में भारत ने 11 ओवर में 2 विकेट पर 68 रन बना लिए हैं और मुकाबला पूरी तरह खुला हुआ है. होलकर स्टेडियम में हर रन और हर गेंद पर दर्शकों का शोर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहा है. स्टेडियम के भीतर और बाहर का जोश बता रहा है कि इंदौर एक बार फिर यादगार मुकाबले का गवाह बन रहा है. अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि टीम इंडिया इस बड़े लक्ष्य को कैसे हासिल करती है.

### एक नजर में

## भारतीय टी20 दल में फूलमाली और पाटिल की वापसी

**मुंबई.** बल्लेबाज भारती फूलमाली ने 2019 के बाद पहली बार भारत की टी20 टीम में वापसी की है. उनके साथ ऑफ़ स्पिनर श्रेयंका पाटिल को भी फरवरी में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुना गया है. 17 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को पहली बार वनडे टीम से बुलावा मिला है. ये दोनों खिलाड़ी पिछले साल दिसंबर में श्रीलंका के ख़िलाफ खेलने वाली भारतीय टी20 टीम का हिस्सा थीं. काश्वी गौतम को वनडे दल में शामिल किया गया है, जबकि भारत ने तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को बाहर कर दिया है. रेड्डी टी20ह्व दल का हिस्सा हैं, जबकि राधा ने हाल ही में टी20 टीम से भी अपनी जगह गंवाई थी.




## बेरेटिनी ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटे

**मेलबर्न.** इटली के मैटियो बेरेटिनी ऑस्ट्रेलियन ओपन से हट गए हैं. इटैलियन खिलाड़ी ने शनिवार को यह खबर दी. बेरेपाओलिनी, सकारी ने जीत के साथ शुरुआत की. ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दिन दो पसंदीदा खिलाड़ी आसानी से जीत गईं, क्योंकि नंबर 7 सीड जैस्मीन पाओलिनी और पूर्व टॉप 10 खिलाड़ी मारिया सकारी दोनों ने सीधे सेटों में सिर्फ नौ गेम गंवाकर दूसरे राउंड में जगह बनाई. पाओलिनी ने क्वालिफायर आलियाकसांद्रा सास्नोविच के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत में कभी पीछे नहीं रहीं, जबकि सकारी ने पहले सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद फ्रांस की लियोलिया जीनजीन को 6-4, 6-2 से हराया. दोनों खिलाड़ियों ने यूनाइटेड कप में अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करके 2026 सीजन की शुरुआत की थी, और दोनों इस साल मेलबर्न में अपने करियर के अब तक के सबसे अच्छे चौथे राउंड के नतीजे को बेहतर बनाने की उम्मीद कर रही होंगी. पाओलिनी ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि मैंने एक सॉलिड मैच खेला.



## झांग पहले राउंड में बाहर

**मेलबर्न.** चीन के सबसे सफल पुरुष खिलाड़ियों में से एक, झांग झिझेन रविवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दिन 18वीं सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से सीधे सेटों में हार गए. मार्गरेट कोर्ट एरिना में गर्म मौसम में, अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने पहले राउंड के मैच पर नियंत्रण रखा और दो घंटे और आठ मिनट में 6-3, 7-6 (0), 6-3 की जीत में 38 विनर्स लगाए. यह लगातार दूसरा साल था जब पूर्व विश्व नंबर 31 झांग सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम में कोई मैच नहीं जीत पाए. दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे रैंक वाले खिलाड़ी सेरुंडोलो अब बोस्निया और हर्जेगोविना के दामिर जुमहर से खेलेंगे.







## ज़्वेरेव ने धीमी शुरुआत के बाद दूसरे राउंड में जगह बनाई

मेलबर्न, 18 जनवरी तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने रविवार को मेलबर्न में गैब्रियल डियालो के खिलाफ चार सेट की जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी धीमी शुरुआत पर काबू पाया। रॉड लेवर एरिना के सेंटर कोर्ट पर गर्म मौसम में, जर्मन खिलाड़ी ने 24 वर्षीय डियालो को दो घंटे और 43 मिनट में 6-7 (1), 6-1, 6-4, 6-2 से हराया।

## वर्ल्ड नंबर 185 फेरी ने कोबोली को चौंकाया

**मेलबर्न, 18 जनवरी ब्रिटिश क्वालिफायर आर्थर फेरी ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष ड्रॉ में पहली जीत हासिल की, जब उन्होंने 20वीं सीड फ्लेवियो कोबोली को 7-6( 1 ), 6-4, 6-1 से हराया.**

फेरी ने अपने ऑन-कोर्ट इंटरव्यू में कहा, यहां अविश्वसनीय अनुभव रहा. विंबलडन के बाहर पहली बार किसी मेन-ड्रॉ स्लैम में खेल रहा हूं और इतने शानदार कोर्ट पर इतने अच्छे फैंस के साथ यह निराशाजनक नहीं रहा. 23 साल के फेरी ने अपनी तीन टूर-लेवल जीतों में से दो स्लैम लेवल पर हासिल की हैं. पिछले साल विंबलडन में, उस समय एटीपी रैंकिंग में नंबर 461 पर रहे खिलाड़ी ने पहले राउंड में एलेक्सी पोपिरिन को चौंका दिया था.



संयोग से, पोपिरिन 20वीं सीड थे, वही सीड जिसे फेरी ने ऑस्ट्रेलिया में हराया. स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में दो बार के आईटीए ऑल-अमेरिकन रहे फेरी ने दो घंटे, 12 मिनट के मैच के दौरान शानदार शॉट लगाए और अपने 10 ब्रेक-पॉइंट मौकों में से छह को भुनाया. कोबोली ने तीन गेम के बाद मेडिकल टाइमआउट लिया और मैच के दौरान डॉक्टर कई बार उनके पास आए, ऐसा लग रहा था कि उन्हें पेट की समस्या हो रही थी. वर्ल्ड नंबर 22 जॉन केन एरिना में लय नहीं पकड़ पाए और फेरी के निडर बेसलाइन खेल का मुकाबला नहीं कर पाए. फेरी, जिन्होंने सीजन का पहला मेजर रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नंबर 185 पर शुरू किया.

## विजेंदर बने एथलीट कमीशन के सदस्य

**नयी दिल्ली, 18 जनवरी बीजिंग ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट विजेंदर सिंह को एशियाई बॉक्सिंग एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया गया है, जबकि राजेंद्रन रविंद्रन को रेफरी और जज कमीशन सदस्यों का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है.**

ये नियुक्तियां एशियाई बॉक्सिंग के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एशियाई बॉक्सिंग संविधान और उसके गवर्नेंस ढांचे के अनुसार प्रभावी समन्वय, तकनीकी देखरेख और आने वाले कार्यक्रमों और चैंपियनशिप को पूरा करने में सहायता के लिए की हैं. बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, विजेंदर सिंह की नियुक्ति, साथ ही प्रमुख एशियाई बॉक्सिंग कमीशन में भारत की व्यापक उपस्थिति, महाद्वीपीय निकाय में बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की रणजापानी दिग्गज युई सुसाकी के नेतृत्व में हरियाणा थंडर्स दिल्ली को 6-3 से हराया. नोएडा, 18 जनवरी जापानी दिग्गज युई सुसाकी ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ शनिवार को 6-3 की प्रभावशाली जीत दिलाई. कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुसाकी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात्र 57 सेकंड में मुकाबला जीतकर लीग इतिहास की सबसे तेज तकनीकी जीत का रिकॉर्ड बनाया.





## हरियाणा थंडर्स दिल्ली को 6-3 से हराया

**नोएडा, 18 जनवरी जापानी दिग्गज युई सुसाकी ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को प्रो रेसलिंग लीग 2026 के मैच 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ शनिवार को 6-3 की प्रभावशाली जीत दिलाई.**

कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुसाकी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात्र 57 सेकंड में मुकाबला जीतकर लीग इतिहास की सबसे तेज तकनीकी जीत का रिकॉर्ड बनाया. इस जीत के साथ हरियाणा ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चार अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया. सुसाकी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला. मैच के बाद हरियाणा थंडर्स की कप्तान युई सुसाकी ने कहा, आज का मुकाबला अच्छा रहा और मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं.

**शानदार प्रदर्शन** सौराष्ट्र पर जीत का भारी, नागपुर में खेले जा रहे मुकाबले में विदर्भ ने 50 ओवर में 317 रन बनाए



## विजय हजारे ट्रॉफी : विदर्भ का विशाल स्कोर

**नागपुर, 16 जनवरी। नागपुर में खेले जा रहे विजय हजारे ट्रॉफी के अहम मुकाबले में विदर्भ ने सौराष्ट्र के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए विशाल स्कोर खड़ा कर दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए विदर्भ की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 317 रन बनाए।**

इस बड़े लक्ष्य ने सौराष्ट्र पर शुरुआत से ही दबाव बना दिया है। जवाब में सौराष्ट्र की टीम ने खबर लिखे जाने तक 4.1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 23 रन बना लिए हैं, लेकिन अभी भी उन्हें जीत के लिए 295 रन बनाने हैं।

मैच की शुरुआत में टॉस जीतकर विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जो पूरी तरह सही साबित हुआ। विदर्भ के बल्लेबाजों ने सौराष्ट्र के गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बनाया और रन गति को लगातार तेज रखा। शुरुआती ओवरों में सतर्क बल्लेबाजी करते हुए विदर्भ ने मजबूत आधार तैयार किया, जिसके बाद मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने तेजी से रन जोड़कर स्कोर को विशाल बना दिया।

विदर्भ की पारी में बल्लेबाजों के बीच अच्छी साझेदारियां देखने को मिलीं। टॉप ऑर्डर ने टीम को मजबूत शुरुआत दी, वहीं मिडिल ऑर्डर ने जिम्मेदारी के साथ खेलते हुए रन गति को बरकरार रखा। अंतिम ओवरों में तेज बल्लेबाजी की बदौलत टीम 300 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रही। सौराष्ट्र के गेंदबाजों ने बीच-बीच में विकेट जरूर हासिल किए, लेकिन वे रन गति पर लगाम नहीं लगा सके।

सौराष्ट्र की ओर से गेंदबाजी में यश ठाकुर और नचिकेत भूटे ने शुरुआती ओवरों में किफायती गेंदबाजी करने की कोशिश की. यश ठाकुर ने 2.1 ओवर में 14 रन दिए, जबकि नचिकेत भूटे ने 2 ओवर में 9 रन खर्च किए. हालांकि, बाकी गेंदबाजों को विदर्भ के बल्लेबाजों के सामने संघर्ष करना पड़ा. 317 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की टीम की शुरुआत संभली हुई रही. सलामी बल्लेबाज हर्षल देसाई और अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने पारी को आगे बढ़ाया.